आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 बुधवार 01.10.2025

मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी।

2— अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मुख्यमंत्री ने राज्य में सियानगुड़ी बनाने सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

3— आगामी एक दिसंबर से मंत्रालय में अधिकारियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेस लागू की जाएगी।

4— शारदेय नवरात्र के तहत आज प्रदेश में मनाई जा रही है महानवमीं—बस्तर दशहरा पर्व के अंतर्गत आज जोगी उठाई और मावली परघाव की रस्म अदा की जाएगी।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल—निर्णय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद बताया कि इससे केंद्र सरकार के लगभग उनचास लाख बीस हजार कर्मचारियों और अड़सठ लाख सत्तर हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह बढ़ोतरी इस वर्ष पहली जुलाई से प्रभावी होगी।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने देशभर में पांच हजार आठ सौ बासठ करोड़ रुपये से अधिक परिव्यय से संतावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि जिन जिलों में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है, वहां बीस केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि आकांक्षी जिलों में चौदह, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में चार और पूर्वोत्तर तथा पहाड़ी क्षेत्रों में पांच केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे सत्यासी हज़ार विद्यार्थियों को लाभ होगा और शिक्षकों के चार हजार छह सौ अतिरिक्त पद सृजित होंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि विपणन सत्र दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को भी मंजूरी दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। सबसे अधिक वृद्धि कुसुम के लिए छह सौ रुपये प्रति क्विंटल और मसूर के लिए तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की गई है।

वृद्धजन दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस है। इस मौके पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजनों की देखभाल सरकार और समाज दोनों की साझी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में सियानगुड़ी बनाने सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही श्री साय ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत पच्चीस नशामुक्ति रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक

आगामी एक दिसंबर से मंत्रालय में अधिकारियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेस लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विभागवार कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। श्री साय ने अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं का गंभीरता के साथ निराकरण करने और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल से होने वाली शासकीय खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सड़कों के सुधार और रखरखाव पर भी जोर दिया।

बैठक में मुख्य सचिव विकास शील, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित सभी विभागों के सचिव और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

स्मार्ट पंजीयन कार्यालय

नवा रायपुर में देश के पहले अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय शुरू हो गया है। इसका उद्घाटन कल उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने किया। इस अवसर पर रायपुर की वीणा देवांगन ने सेल डीड कराई और डिजिटल भुगतान किया। उनकी रजिस्ट्री को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में कैशलैस भुगतान करा कर प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि यह कार्यालय पीपीपी मॉडल पर तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिक सेवाओं को तेज, पारदर्शी और आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाना है। अब मकान, दुकान या जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए भीड़–भाड़ वाले सरकारी दफ्तरों में जाने की बजाय नागरिक बारह से पन्द्रह मिनट में अपनी रजिस्ट्री करा सकेंगे।

केन्द्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगामी चार अक्टूबर को बस्तर प्रवास प्रस्तावित है। इस सिलसिले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज जगदलपुर के सिरहासार भवन और लालबाग स्थित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां और व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने के निर्देश दिए।

सेवा पर्व

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने सीमाओं से परे सहायता प्रदान की है और भारत को वैश्विक संकट के समय एक विश्वसनीय मित्र और प्रथम प्रतिक्रियादाता बनाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी सीमाओं से परे संकटों का सबसे पहले जवाब देने वाला देश रहा है। पिछले पाँच वर्षों में, भारत ने 150 से अधिक देशों को मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की है। इसने महामारी से लेकर प्राकृतिक आपदाओं तक, संकटों से निपटने के लिए चिकित्सा दल, राहत सामग्री और विशेषज्ञ जनशक्ति तैनात की है। नाइजीरिया में एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकट के समय प्रथम प्रतिक्रियादाता के रूप में भारत की भूमिका के बारे में बात की। कोविड–19 संकट के दौरान, भारत ने अपनी मानव–केंद्रित कूटनीति के प्रमाण के रूप में वैक्सीन मैत्री पहल शुरू की। यूक्रेन में ऑपरेशन गंगा से लेकर सूडान में ऑपरेशन कावेरी और इज़राइल में

ऑपरेशन अजय तक, भारत न केवल अपने नागरिकों, बल्कि विदेशियों की भी मदद करते हुए, त्वरित, संगठित और समावेशी रहा है।

चाहे कूटनीति हो या मानवीय सहायता, भारत ने एक नया आख्यान गढ़ा है। संकटों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया के माध्यम से, भारत एक वैश्विक मित्र, एक विश्वबंधु के रूप में उभरा है।

समाचार डेस्क, आकाशवाणी, रायपुर

नवरात्र–दशहरा

शारदेय नवरात्र के आखिरी दिन आज प्रदेश में महानवमी मनाई जा रही है। आज सिद्धिदात्री रूप में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना की जाती है। राजधानी रायपुर में जगह–जगह कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कल से जंवारा विसर्जन के साथ पूजा पंडालों में विराजी देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू होगा।

वहीं, विजयादशमीं का पर्व कल मनाया जाएगा। इस मौके पर राजधानी में अनेक जगहों पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। कई जगहों पर रावण दहन से पहले रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। राजधानी रायपुर के डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी में दशहरा उत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस बार एक सौ एक फीट का रावण और इक्यासी–इक्यासी फीट के कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले बनाए गए हैं। वहीं, रायपुर के रावणभाटा मैदान में भी दशहरा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने दशहरा पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

बस्तर दशहरा

इस बीच, पचहत्तर दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के तहत आज जोगी उठाई और मावली परघाव की रस्म अदा की जाएगी। इसके तहत नवरात्र के पहले दिन से सिरासार भवन में मां दंतेश्वरी की अराधना में बैठे युवक को विधिविधान पूर्वक पूजा–अर्चना के बाद उठाया जाएगा। इसे जोगी उठाई कहते हैं। इसके बाद मावली परघाव होगा। इसमें शक्तिपीठ दंतेवाड़ा से बस्तर दशहरा में शामिल होने आई मावली माता और मां दंतेश्वरी की डोली और छत्र को विधिविधान पूर्वक परघाया जाएगा।

इससे पहले, कल रात निशा जात्रा की रस्म अदा की गई।

इस बीच, ईस्ट–कोस्ट रेलवे ने बस्तर दशहरे के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच आज से छह जनसाधारण स्पेशल ट्रेन चलाने के घोषणा की है। यह ट्रेन चार अक्टूबर तक चलेगी।

ईडी–पूछताछ

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आबकारी घोटाले के मामले में तीस अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। इनमें एक अतिरिक्त कमिश्नर, पांच उपायुक्त, चौदह सहायक आयुक्त, सात जिला आबकारी अधिकारी और तीन अन्य अधिकारी शामिल हैं। इन अधिकारियों में से सात सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

गौरतलब है कि इन सभी अधिकारियों को पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली थी।

मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक एक निम्नदाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में बदली–बारिश की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ ईको–टूरिज्म साइट के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है।

– श्री रामलला दर्शन योजना के तहत कल बीजापुर जिले के सत्ताईस श्रद्धालुओं का जत्था आयोध्या के लिए रवाना हुआ।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>